चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 23-12-25 | 4 | 1 |


# आशीष मेहता को किसान रत्न अवार्ड से सम्मानित करेगा हकृवि

हिसार, 22 दिसम्बर (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय द्वारा 23 दिसम्बर को किसान दिवस का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन पूर्व प्रधानमंत्री स्व. चौधरी चरण सिंह की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाएगा। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज समारोह में मुख्य अतिथि होंगे। इस दौरान सिरसा के गांव सुकेरा खेड़ा के आशीष मेहता को किसान रत्न अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा, जिसमें समृति चिन्ह, प्रमाणपत्र व 31 हजार रुपए ईनाम के तौर पर दिए जाएंगे।



*आशीष मेहता।*

आशीष मेहता, एक प्रगतिशील, नवाचारी एवं तकनीक-समर्थ कृषक हैं। वे धान, गेहूं, कपास, गन्ना, दलहन-तिलहन, सब्जी एवं फल फसलों की विविध खेती के साथ जैविक कृषि को सफलतापूर्वक अपनाए हुए हैं। फसल अवशेष प्रबंधन हेतु हैप्पी सीडर का उपयोग कर उन्होंने पराली जलाने की समस्या का पर्यावरण-अनुकूल समाधान प्रस्तुत किया है, जिससे मृदा स्वास्थ्य एवं उत्पादकता में सुधार हुआ है। इस अवसर पर प्रदेश के प्रत्येक जिले से एक महिला व एक पुरूष प्रगतिशील किसान को उनके उल्लेखनीय कार्यों के लिए सम्मानित किया जाएगा।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 23.12.25 | 2 | 1-4 |

सम्मान

**एचएयू आशीष को स्मृति चिन्ह, प्रमाणपत्र व 31 हजार रुपये पुरस्कार स्वरूप प्रदान करेगा**

# सिरसा के आशीष को मिलेगा किसान रत्न अवॉर्ड

**माई सिटी रिपोर्टर**

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय की ओर से 23 दिसंबर को किसान दिवस का आयोजन किया जाएगा। पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज मुख्य अतिथि होंगे। इसमें सिरसा के गांव सुकेरा खेड़ा के आशीष मेहता को किसान रत्न अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा।

आशीष को स्मृति चिन्ह, प्रमाणपत्र व 31 हजार रुपये पुरस्कार स्वरूप प्रदान किए जाएंगे। विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. बलवान सिंह मंडल ने बताया कि प्रदेश के 42 प्रगतिशील महिला एवं पुरुष किसानों को उल्लेखनीय कार्यों के लिए सम्मानित किया जाएगा। आशीष मेहता प्रगतिशील, नवाचारी एवं तकनीक-समर्थ कृषक हैं।

आशीष धान, गेहूं, कपास, गन्ना, दलहन-तिलहन, सब्जी एवं फल फसलों की विविध खेती के साथ जैविक कृषि को सफलतापूर्वक कर रहे हैं।

फसल अवशेष प्रबंधन के लिए हैप्पी सीडर का उपयोग कर उन्होंने पराली जलाने की समस्या का पर्यावरण-अनुकूल समाधान प्रस्तुत किया है। मूल्य संवर्धन, जैविक गुड़ व सरसों तेल निर्माण तथा प्रत्यक्ष विपणन से उन्होंने पारंपरिक खेती की तुलना में लगभग चार गुना अधिक लाभ अर्जित किया है।

## ये किसान भी होंगे सम्मानित

- *अंबाला के गांव सपादा से हरविंदर सिंह और डुराना से सपना।*
- *रेवाड़ी के गांव बुडोली से सत्यवान और झारोदा से निर्मला।*
- *भिवानी के गांव मंढाणा से श्याम सुंदर और धनासरी से कृष्णा।*
- *फरीदाबाद के गांव ढकोला से रामचंद्र, भोपानी से ज्योति, मंडकौला बडौली से हरेंद्र और मीरपुर कौराली से रेनू।*
- *फतेहाबाद के गांव बरसीन से राजेंद्र, ढांड से मुकेश कुमार और कुलां से ममता।*
- *जींद के गांव निडानी से जयभगवान और जाजनवाला से बुगली।*
- *कुरुक्षेत्र के गांव ऊंटसाल से प्रमोद कुमार और दबखेड़ी से प्रवेश रानी।*




**हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय।** फाइल फोटो

- *महेंद्रगढ़ शहर से शबनम देवी और गांव गादड़वास से संजय कुमार।*
- *पंचकूला के गांव बडियाल सतपाल सिंह और रायपुर रानी से राखी।*
- *पानीपत के गांव निंबरी से कृष्ण कुमार और डाहर से सुषमा।*
- *सोनीपत के गांव शहजादपुर से कपिल जमदग्नि और मुकीमपुर से बबीता देवी।*
- *यमुनानगर के सुढ़ल से प्रिंस कुमार और गांव कुंजल से राधिका शर्मा।*
- *कैथल के डेरा गदला से अंग्रेज सिंह और गांव चूहड़ माजरा से शीतल शर्मा।*
- *करनाल के गांव शुभरी से शेर सिंह और औंगद से सविता रानी।*
- *सिरसा के गांव भड़ोल्यावाली से जसविंदर सिंह और गांव ओढ़ा से सर्वजीत कौर।*
- *हिसार के गांव खेड़ी बरकी से नरेश कुमार और गांव सदलपुर से अरुणा देवी, गांव चिड़ौद निवासी प्रदीप कुमार।*
- *रोहतक के गांव गांधरा से राजबीर सिंह और नौनंद से कांता देवी।*
- *नूंह के गांव रानिका से मूसे खान और संगेल से नीलम।*
- *झज्जर के गांव बीड़ सुनारवाला से सर्वजीत सिंह धनखड़ व बरानी से सुमन।*

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि भूमि | 23.12.25 | 14 | 1-2 |

# सिरसा के आशीष मेहता को किसान रत्न अवार्ड से सम्मानित करेगा एचएयू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय द्वारा 23 दिसम्बर को किसान दिवस का आयोजन किया जायेगा। यह आयोजन पूर्व प्रधानमंत्री स्व. चौधरी चरण सिंह की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाएगा। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज समारोह में मुख्य अतिथि होंगे। इस दौरान सिरसा के गांव सुकेरा खेड़ा के आशीष मेहता को किसान रत्न अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा। आशीष मेहता, एक प्रगतिशील, नवाचारी एवं तकनीकं-समर्थ कृषक हैं। वे धान, गेहूं, कपास, गन्ना, दलहन-तिलहन, सब्जी एवं फल फसलों की विविध खेती के साथ जैविक कृषि को सफलतापूर्वक अपनाए हुए हैं। फसल अवशेष प्रबंधन के लिए हैप्पी सीडर का उपयोग कर उन्होंने पराली जलाने की समस्या का पर्यावरण-अनुकूल समाधान प्रस्तुत किया है, जिससे मृदा स्वास्थ्य एवं उत्पादकता में सुधार हुआ है। आशीष मेहता गुड एग्रीकल्चरल प्रैक्टीसिज, एकीकृत पोषक तत्व प्रबंधन तथा एकीकृत कीट प्रबंधन तकनीकों का नियमित प्रयोग करते हैं।


आशीष मेहता

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 23.12.25 | 5 | 6-8 |

## किसान दिवस पर ज़िला सिरसा के आशीव मेहता को किसान रत्न अवार्ड से सम्मानित करेगा एचएयू



हिसार, 22 दिसम्बर (विरेन्द्र वर्मा): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय द्वारा 23 दिसम्बर को किसान दिवस का आयोजन किया जायेगा। यह आयोजन पूर्व प्रधानमंत्री स्व. चौधरी चरण सिंह की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाएगा। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज समारोह में मुख्य अतिथि होंगे। इस दौरान सिरसा के गांव सुकेरा खेड़ा के आशीष मेहता को किसान रत्न अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा जिसमें समृति चिन्ह, प्रमाणपत्र व 31 हजार रूपए ईनाम के तौर पर दिए जाएंगे।

आशीष मेहता, एक प्रगतिशील, नवाचारी एवं तकनीक-समर्थ कृषक हैं। वे धान, गेहूं, कपास, गन्ना, दलहन-तिलहन, सब्ज़ी एवं फल फसलों की विविध खेती के साथ जैविक कृषि को सफलतापूर्वक अपनाए हुए हैं। फसल अवशेष प्रबंधन हेतु हैप्पी सीडर का उपयोग कर उन्होंने पराली जलाने की समस्या का पर्यावरण-अनुकूल समाधान प्रस्तुत किया है, जिससे मृदा स्वास्थ्य एवं उत्पादकता में सुधार हुआ है।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| जगमार्ग न्यूज | 22.12.2025 | -- | -- |


# किसान दिवस पर जिला सिरसा के आशीष मेहता को किसान रत्न अवार्ड से सम्मानित करेगा एचएयू

**हिसारः 22 दिसम्बर**

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय द्वारा 23 दिसम्बर को किसान दिवस का आयोजन किया जायेगा। यह आयोजन पूर्व प्रधानमंत्री स्व. चौधरी चरण सिंह की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाएगा। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज समारोह में मुख्य अतिथि होंगे। इस दौरान सिरसा के गांव सुकेरा खेड़ा के आशीष मेहता को किसान रत्न अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा जिसमें समृति चिन्ह, प्रमाणपत्र व 31 हजार रूपए ईनाम के तौर पर दिए जाएंगे।

आशीष मेहता, एक प्रगतिशील, नवाचारी एवं तकनीक-समर्थ कृषक हैं। वे धान, गेहूं, कपास, गन्ना, दलहन-तिलहन, सब्जी एवं फल फसलों की विविध खेती के साथ जैविक कृषि को सफलतापूर्वक अपनाए हुए हैं। फसल अवशेष प्रबंधन हेतु हैप्पी सीडर का उपयोग कर उन्होंने पराली जलाने की समस्या का पर्यावरण-अनुकूल समाधान प्रस्तुत किया है, जिससे मृदा स्वास्थ्य एवं उत्पादकता में सुधार हुआ है।

आशीष मेहता गुड एग्रीकल्चरल प्रैक्टीसिज, एकीकृत पोषक तत्व



प्रबंधन तथा एकीकृत कीट प्रबंधन तकनीकों का नियमित प्रयोग करते हैं। वे एक प्रशिक्षित ड्रोन पायलट भी हैं, जिससे सटीक छिड़काव, फसल निगरानी एवं लागत में कमी संभव हुई है। ड्रिप व माइक्रो-स्प्रिंकलर सिंचाई, वर्मी-कम्पोस्ट, जैविक सब्जी नर्सरी, डेयरी एवं बकरी पालन जैसे सहायक उद्यमों को अपनाकर उन्होंने कृषि को एक समग्र उद्यम के रूप में विकसित किया है। वे कई एफपीओ के सक्रिय सदस्य हैं तथा सामूहिक विपणन एवं प्रत्यक्ष बिक्री के माध्यम से बिचौलियों की भूमिका कम कर किसानों की आय बढ़ाने में योगदान दे रहे हैं। मूल्य संवर्धन, जैविक गुड़ व सरसों तेल निर्माण तथा प्रत्यक्ष विपणन से उन्होंने पारंपरिक खेती की तुलना में लगभग चार गुना अधिक लाभ अर्जित किया है। अपने उत्कृष्ट कृषि योगदान हेतु वे अनेक बार सम्मानित हो चुके हैं और क्षेत्र के किसानों के लिए प्रेरणास्रोत हैं।

विस्तार शिक्षा निदेशक, डॉ. बलवान सिंह मंडल ने यह जानकारी देते हुए बताया कि हरियाणा प्रांत से प्रगतिशील महिला एवं पुरुष किसान इस समारोह में हिस्सा लेंगे। इस अवसर पर प्रदेश के प्रत्येक जिले से एक महिला व एक पुरूष प्रगतिशील किसान को उनके उल्लेखनीय कार्यों के लिए सम्मानित किया जाएगा।